बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
–::कार्यालय आदेश::–

कार्यालय आदेश सं0– ज्ञापांक–12/वि0–165/2024 381 **पटना/दिनांकः–** 01/10/24

विषयः–GANNON DUNKERLEY &CO. LTD. सूचीबद्धता सं0–01653/2019 को काली सूची में दर्ज करने के संबंध में।

बेगूसराय प्रमंडल के मटिहानी बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना से संबंधित संवेदक GANNON DUNKERLEY & CO. LTD. सूचीबद्धता सं0–01653/2019 को काली सूची में दर्ज करने हेतु क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर के पत्रांक–621 दिनांक–18.09.24 द्वारा काली सूची में डालने की अनुशंसा भेजी गयी थी। संवेदक द्वारा विभागीय पत्रांक–12/वि0–165/2024–366, दिनांक–06.03.26 के आलोक में अपने पत्रांक–477 दिनांक–13.03.26 द्वारा अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया है। उनके स्पष्टीकरण में विभिन्न विभागीय कारणों से कार्य की प्रगति के संबंध प्रतिवेदित किया है, जो मूलतः निम्नवत है :–

1. WTP हेतु भूखंड की उपलब्धता में 15 माह का विलंब (अप्रैल 15–जनवरी 16)

2. आवंटित भूमि में बाढ़ का पानी आ जाना तथा अप्रोच रोड़ क्षतिग्रस्त होना।

3. जलमीनार हेतु भूखंड की उपलब्धता में देरी (जनवरी, 17) तक मात्र दो जलमीनार हेतु भूखंड उपलब्ध करायी गयी तथा एक जल मीनार (गोरगॉवा) में जनवरी, 2022 (6 साल 9 माह का विलंब)

4. पांच वर्ष से अधिक की अवधि में Fixed Jetty, Floating Jetty में बदलने के निर्णय में विलंब।

5. वितरण प्रणाली के विचलन स्वीकृति में 5 वर्ष से अधिक का विलंब इत्यादि (पृ0 146–128/प0)।

विभागीय पत्रांक–897 दिनांक–10.06.26 तथा पत्रांक–1204 दिनांक–06.08.26 द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता से संवेदक के स्पष्टीकरण पर मंतव्य तथा स्पष्टीकरण की कंडिका– 1, 3, 5, 6, 7, 8 एवं 10 में उल्लेखित बिन्दुओं पर समुचित साक्ष्य के साथ सुस्पष्ट प्रतिवेदन की मांग की गयी थी।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर के माध्यम से इसके आलोक में पुनः संवेदक को काली सूची में डालने की अनुशंसा भेजी गयी। मुख्य अभियंता के प्रतिवेदन/अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–1337 दिनांक–03.09.26 तथा पत्रांक– 1477, दिनांक–21.09.26 द्वारा संवेदक से इस हेतु उनका पक्ष/स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया। संवेदक द्वारा अपने पत्रांक–134 दिनांक–21.09.26 द्वारा प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, जिसके अवलोकन से मूलतः निम्न बिन्दुओं पर विचार/विवेचना की आवश्यकता प्रतीत होती है।

1. GST Claim तथा अन्य मदों के विरूद्ध संवेदक का लगभग 7.00 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान विगत 20 माह की अवधि से अधिक से लंबित है।

2. संवेदक के पत्रों के संदर्भ में विभागीय क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा तत्परता से संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं की गयी तथा उनके अनेक पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

3. संवेदक के विचलन संबंधी प्रस्तावों (विचलन 1 तथा विचलन 2) पर आवश्यक निर्णय विभाग के स्तर से अपेक्षित है।

4. संवेदक द्वारा क्षेत्रीय पदाधिकारी स्तर पर कतिपय बिन्दुओं पर अनापत्ति प्रमाण–पत्र आज की तिथि तक लंबित रहने का तथ्य प्रतिवेदित किया गया है, जिस हेतु CWRM एवं अन्य का कार्य लंबित है।

उपरोक्त वर्णित बिन्दुओं पर आवश्यक छानबीन कर तथ्यात्मक वस्तुस्थिति के बिना ही क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा संवेदक को काली सूची में डालने हेतु अनुशंसा अपूर्ण साक्ष्य/अभिलेखों के साथ प्रतिवेदित की गयी है, जो उचित नहीं है।

उपरोक्त स्थिति में इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए, कि संवेदक को काली सूची में डालने की कार्रवाई क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के पत्रांक–621 दिनांक–18.09.24 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में प्रस्तावित है, जबकि विगत लगभग दो वर्षों की अवधि से क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा संवेदक इस योजना का कार्य कराया जा रहा है तथा विभिन्न समीक्षा बैठको में क्षेत्रीय पदाधिकारी के साथ VC तथा समीक्षा बैठको में भाग लिया जाता रहा है। इस परिस्थिति में दो वर्ष की अधिक की अवधि से पहले के अनुशंसा के आधार पर संवेदक को काली सूची में डालने की कार्रवाई उचित प्रतीत नहीं होती है। इस आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता को निदेश दिया जाता है कि विगत दो वर्ष के अवधि के दौरान संवेदक के कार्यो तथा स्थल पर भौतिक प्रगति के संदर्भ में आवश्कतानुसार क्षेत्र–भ्रमण करते हुए अद्यतन वस्तुस्थिति के अनुरूप आवश्यक समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे एवं आवश्यकतानुसार सुस्पष्ट अनुशंसा उचित साक्ष्यों सहित यथाशीघ्र पुनः विभागीय मुख्यालय में समर्पित करेंगे।

30/9/24.

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–165/2024– 1534 पटना, दिनांक–01/10/24

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

30/9/24.

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–165/2024– 1534 पटना, दिनांक– 01/10/26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय/संवेदक, **GANNON DUNKERLEY &CO. LTD. B-228 & 229, OKHLA, INDUSTRIAL AREA-I, NEW DELHI-110020** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/9/26.

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–165/2024– 1534 पटना, दिनांक– 01/10/26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

30/9/26.

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)